# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (काशी हिन्दू विश्वविद्यालय), वाराणसी

## **राजभाषा कार्यान्वयन समिति** की दिनांक 16 अगस्त 2016 की बैठक के कार्यवृत्त

संस्थान की **राजभाषा कार्यान्वयन समिति** की बैठक दिनांक **16 अगस्त 2016** को **अपराह्न 01.30 बजे** प्रशासनिक खण्ड के प्रथम तल पर स्थित समिति कक्ष में निदेशक महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गयी।

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए –

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | आचार्य राजीव संगल, निदेशक | — | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ. शुभेन्दु प्रकाश माथुर, कुलसचिव | — | सदस्य |
| 3. | आचार्य पी. के. जैन, अधिष्ठाता (अनु. एवं विकास) | — | सदस्य |
| 4. | आचार्य ए.के. मुखर्जी, अधिष्ठाता (छात्र कार्य) | — | सदस्य |
| 5. | आचार्य जी.वी.एस. शास्त्री, अधिष्ठाता (शैक्षणिक कार्य) | — | सदस्य |
| 6. | आचार्य संजय कुमार पांडेय, गणितीय विज्ञान विभाग | — | सदस्य |
| 7. | आचार्य सुशांत कुमार श्रीवास्तव, भैषजिकी विभाग | — | सदस्य |
| 8. | डॉ. सत्यवीर सिंह, रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग | — | सदस्य |
| 9. | श्री राजन श्रीवास्तव, संयुक्त कुलसचिव (प्रशासन) प्रथम | — | सदस्य |
| 10. | श्रीमती स्वाति बिस्वास, उपकुलसचिव(लेखा) | — | सदस्य |
| 11. | डा. सर्वेश कुमार तिवारी, उपकुलसचिव (प्रशासन) द्वितीय | — | सदस्य |
| 12. | श्री जगदीश नारायण राय, संयोजक, नगर सचिवालय, हिन्दी परिषद, वाराणसी। | — | आमंत्रित सदस्य |
| 13. | श्री आर. के. गौड़, सहायक कुलसचिव (प्रशासन) प्रथम | — | सदस्य सचिव |

आचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी, अधिष्ठाता (संसाधन एवं पूर्व छात्र) व आचार्य धनंजय पांडेय, अधिष्ठाता (संकाय कार्य) बैठक में उपस्थित नहीं हो सके।

बैठक के प्रारम्भ में अध्यक्ष महोदय द्वारा सदस्यों का स्वागत किया गया एवं अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कार्यसूची के मदों पर चर्चा प्रारम्भ हुई।

**मद सं. 1: राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 09.06.2016 की बैठक के कार्यवृत्त पर अनुवर्ती कार्यवाही की पुष्टि :**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 09.06.2016 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी साथ ही कार्यवृत्त पर की गयी अनुवर्ती कार्यवाही से सदस्यों को अवगत कराया गया। समिति ने अनुवर्ती कार्यवाही की पुष्टि करते हुए निम्न निर्णय लिये–

(क) समस्त अधिष्ठातागण / विभागाध्यक्षों / अनुभाग प्रभारियों को सम्बन्धित विभाग / अनुभाग के नामपट्ट

128

एवं मुहर द्विभाषी रूप में तैयार करानें के सम्बन्ध में अनुस्मारक भेजा जाए तथा अद्यतन स्थिति की की जानकारी प्राप्त की जाए, जिसे समिति की अगली बैठक में प्रस्तुत किया जाए।

(ख) दैनिक रूप से कार्यालयी कामकाज में प्रयुक्त होने वाली महत्वपूर्ण शब्दों की शब्दावली व वाक्यांशों की सूची समिति के सदस्यों द्वारा प्रस्तावित संशोधनों व मानक शब्दावली से जांच के उपरांत सभी विभागों में प्रेषित किया जाए तथा फाइल के पार्श्व व अंतः पृष्ठों पर मुद्रित कराया जाय। *(संलग्नक– शब्दावली व वाक्यांशों की सूची)*

**मद सं.2: राजभाषा प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा :**

दिनांक 09 जून, 2016 को आयोजित समिति की बैठक में लिये गए निर्णय "*वर्तमान से राजभाषा तिमाही प्रगति रिपोर्ट, राजभाषा प्रभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय को भेजा जाए*" के अनुसार संस्थान की समेकित राजभाषा तिमाही प्रगति रिपोर्ट, राजभाषा प्रभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय को प्रेषित कर दी गई है। इस संबंध में समिति को सूचित किया गया कि कुल 43 विभाग/अनुभाग में से 17 विभाग/अनुभाग से ही उक्त सूचना प्राप्त हुयी थी। उक्त के कम में निर्णय लिया गया कि समय–समय पर विभाग/अनुभाग को अनुस्मारक भेजकर सूचना एकत्रित करने का प्रयास किया जाए।

**मद सं. 3: संस्थान में "हिन्दी पखवाड़ा" का आयोजन :**

संस्थान में हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन निदेशक महोदय की अध्यक्षता में किये जाने का निर्णय लिया गया। हिन्दी पखवाड़ा के आयोजन के संबंध में निम्न निर्णय लिये गये :

1. संस्थान में हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन दिनांक 01 सितंबर से 15 सितंबर, 2016 तक किया जाए।
2. राजभाषा नीतियों के अनुपालन में हिन्दी पखवाड़ा के प्रारम्भ में निदेशक महोदय की ओर से संस्थान में एक अपील जारी की जाए जिसमें राजभाषा के प्रचार–प्रसार हेतु मुख्य कार्य बिन्दुओं का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।
3. हिन्दी दिवस '14 सितंबर, 2016' को हिन्दी पखवाड़ा का मुख्य समारोह आयोजित किया जाए।

(यूनीकोड में)

4. हिन्दी पखवाड़ा के दौरान कार्यशाला, टंकण प्रतियोगिता, निबंध लेखन, हिन्दी टिप्पण लेखन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।

राजीव सेंगल

5. हिन्दी पखवाड़ा के कार्यक्रमों के आयोजन हेतु निम्न सदस्यों की एक समिति के गठन का निर्णय लिया गया –

RK Jain

1. आचार्य सुशांत कुमार श्रीवास्तव (भैषजिकी विभाग) — अध्यक्ष
2. डा. सर्वेश कु. तिवारी, उपकुलसचिव (प्रशासन)–द्वितीय — सदस्य
3. श्री शशांक पाठक, कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक, राजभाषा प्रकोष्ठ — सदस्य
4. श्री गंगेश शाह गोंडवाना, सहायक कुलसचिव (प्रशासन)–प्रथम — सदस्य सचिव

बैठक, अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के साथ सम्पन्न हुई।

आर. के. गौड़
(आर. के. गौड़)
सदस्य सचिव

(जगदीश नारायण राय)
आमंत्रित सदस्य

स्वाति
(स्वाति बिस्वास)
सदस्य

सर्वेश
20/08/16
(सर्वेश कुमार तिवारी)
सदस्य

(राजन श्रीवास्तव)
सदस्य

सत्यवीर सिंह
(सत्यवीर सिंह)
सदस्य

(सुशांत कुमार श्रीवास्तव)
सदस्य

(संजय कुमार पांडेय)
सदस्य

(ए.के. मुखर्जी)
सदस्य

(जी.वी.एस. शास्त्री)
सदस्य

(पी.के. जैन)
सदस्य

(शुभेन्दु प्रकाश माथुर)
सदस्य

राजीव संगल
(राजीव संगल)
अध्यक्ष